Need for a Cricket stadium in Bihar

श्री राजीव प्रताप रूडी : सर, आपका भी समय अब हमें मिल गया। मैं एक ऐसे विषय को उठा रहा हूं, जिससे पूरा सदन जुड़ेगा। बिहार की आबादी 14 करोड़ है। मैं बिहार की चिंता हमेशा इस सदन में पेश करता हूं। क्या बिहार में होनहार बच्चे नहीं हैं? क्या बिहार में कामयाब बच्चे नहीं हैं? क्या बिहार में देश के शानदार बच्चे नहीं हैं? पिछले 75 वर्ष में बिहार में एक भी ऐसा स्टेडियम नहीं बना है, जिसमें बच्चे खेल सकें। आज बिहार के बच्चे टेलीविज़न और आई फोन पर आईपीएल देखते हैं, वर्ल्ड कप देखते हैं। मेरा एक बड़ा सवाल है कि आखिर बिहार में ऐसा क्यों है कि 75 साल में हम राजनेताओं ने 14 करोड़ की आबादी, जो देश की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है, उस आबादी को पिछले 75 वर्षों में भी एक स्टेडियम नहीं दिया?

सभापति महोदय, मैं इस विषय को थोड़ा और आगे बढ़ाना चाहता हूं। अभी हाल फिलहाल नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप हुआ। स्टेडियम में 1 लाख 32 हजार लोगों ने बैठकर देखा और करोड़ों लोगों ने पूरे भारत में देखा। कोलकाता का ईडन गार्डन है, वहां पर 75 हजार लोग बैठकर देख सकते हैं। रायपुर का इंटरनेशल स्टेडियम है, वहां 65 हजार लोग बैठकर देख सकते हैं। हैदराबाद का इंटरनेशनल स्टेडियम है, वहां उस राज्य के लोग बैठकर देख सकते हैं। केरल की आबादी 3.5 करोड़ है, वहां अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम है। गोवा की आबादी 16 लाख है, वहां की आबादी पर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम है, लेकिन बिहार के हम राजनेताओं ने 75 साल में एक भी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम नहीं दिया। छोड़ दीजिए कि आज बिहार में एक भी फाइव स्टार होटल नहीं है, छोड़ दीजिए कि बिहार में एक भी इंटरनेशनल एयरपोर्ट नहीं है।

महोदय, मैं बिहार की दुर्दशा के बारे में सदन में इसलिए चर्चा करता हूं कि हम रोजगार नहीं दे सकते हैं, लेकिन बिहार के प्यारे बच्चों को कम से कम अपने राज्य में क्रिकेट खेलने का मौका तो दे सकते हैं। हमारे राज्य की एक और स्थिति है। मैं खेल से ही जुड़ी हुई बात बताना चाहूंगा। अभी वर्ल्ड कप हुआ। गुजरात में इतना खूबसूरत वर्ल्ड कप हुआ कि पूरा स्टेडियम भरा हुआ था। एक वर्ल्ड कप से एक राज्य को 22 हजार करोड़ रुपये और देश को 30 से 40 हजार करोड़ रुपये की आमदनी होती है। क्या बिहार के हम नेताओं को पिछले 75 वर्ष में इतना भी नहीं दिखा कि हम बिहार की आमदनी कैसे बढ़ा सकेंगे? ? (व्यवधान) आज की तारीख में हम लोग अहमदाबाद में या कहीं भी जाते हैं, जहां आईपीएल होता है।

होटलों का किराया 40000-50000 होता है, हवाई जहाज का किराया 40000-50000 होता है और इससे आमदनी बढ़ती है। मैं सिर्फ यही कहना चाहूंगा कि आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया के तहत पूरा भारत विकसित हो रहा है। आईपीएल में बिहार का लड़का ईशान किशन झारखण्ड की तरफ से वर्ल्ड कप में खेलता है, आईपीएल में खेलता है। मुकेश कुमार आईपीएल में खेलता है और अभी साउथ अफ्रीका में खेल के आया है। वह बिहार का है और पश्चिम बंगाल से खेलता है। महोदय, अब सिर्फ एक ही भरोसा है और उसी भरोसे पर हम लोग चल रहे हैं। बिहार के लोगों को एक ही भरोसा है और वह भरोसा नरेन्द्र मोदी जी का है। 75 साल के इस कार्यकाल के परिवर्तन का भरोसा है।